राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून 07 फरवरी, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने **मंगलवार** को राजभवन से नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट (NICU) एम्बुलेंस को फ्लैग ऑफ किया। हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, जौलीग्रांट देहरादून द्वारा विकसित की गई यह एम्बुलेंस एक एडवांस नियोनेटल ट्रांसपोर्ट एम्बुलेंस (एएनटीए) है जिसके माध्यम से नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य की चुनौतियों का समाधान कर उन्हें समुचित उपचार और देखभाल पर कार्य किया जाएगा। यह एम्बुलेंस नवजात शिशुओं को गंभीर बीमारियों के उपचार व उचित देखभाल में सहायक होगी। नवजात शिशुओं के लिए हर प्रकार की जांचे और अत्याधुनिक उपकरण से लैस नवजात परिवहन एम्बुलेंस एक अभिनव पहल है जो अन्य संस्थानों के लिए एक रोल मॉडल के रूप में कार्य कर सकती है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने एम्बुलेंस के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की और हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड जैसे विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्य में इस तरह के अत्याधुनिक उपकरणों से लैस एम्बुलेंस से नवजात बच्चों के स्वास्थ्य की चुनौतियों का समाधान हेतु कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने में संस्थान ने एक अच्छा कदम उठाया है जिससे पहाड़ी क्षेत्रों में बच्चों को एम्बुलेंस के माध्यम से समय पर हायर सेन्टर तक उपचार के लिए लाया जा सकेगा। राज्यपाल ने संस्थान के सभी लोगों को इस कार्य के लिए बधाई दी और कहा कि इसका प्रचार–प्रसार किया जाय ताकि जरूरत के समय लोग इस सेवा का लाभ ले पाए। इस अवसर पर स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. विजय धस्माना, उप कुलपति डॉ. विजेन्द्र चौहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

...........0............